गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की एनएसएस टीम ने 3 मार्च को “मेगा रक्तदान उत्सव” में भाग लिया। यह शिविर लक्ष्मी नारायण मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नोएडा स्टेडियम में संयोजित किया गया जिसमें G.I.M,S ग्रेटर नोयडा, I.I.M.T तथा AIIMS, नई दिल्ली आदि संस्थाओं /टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। स्वयंसेवक और एन एस एस टीम के योगदान के लिए लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक अशोक गुप्ता जी ने गौतम बुद्ध विश्विद्यालय को श्रेष्ठता पुरुस्कार प्रदान किया। गौतम बुद्ध विश्विद्यालय की ओर से कार्यक्रम का संचालन एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने किया। एन एस एस, गौतम बुद्ध विश्विद्यालय के समन्वयक डॉ. जे पी मुयाल ने इस पूरे शिविर में शामिल कार्यकर्ताओं और अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।